बिहार सरकार

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

का0 आ0 संख्या–12 / वि0–170 / 2026 - 314 पटना, दिनांक– 13.8.26

संवेदक कामेश्वर राय (सूचीबद्धता संख्या–2041 / 2018) को लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, छपरा के कार्यालय आदेश संख्या–442–राह–पठित ज्ञापांक–2570, दिनांक 09.12.2025 के द्वारा किये गये डिबार के विरूद्ध दायर अपील अभ्यावेदन पर दिनांक–06.08.2026 के सुनवाई के संबंध में।

---

06.08.2026

आदेश।

संवेदक कामेश्वर राय, मो0–दहिवान (उमानाथ मंदिर), पो0–छपरा, पी0 एस0–छपरा नगर, जिला–सारण, बिहार, पिन–841301 (सूचीबद्धता संख्या–2041 / 2018) एवं कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, छपरा सुनवाई में उपस्थित।

लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, छपरा अंतर्गत संवेदक कामेश्वर राय (सूचीबद्धता संख्या–2041 / 2018) को एकरारनामा संख्या–SBD-18/2016-17 के तहत विभिन्न योजनाओं में बकाया विद्युत विपत्र के भुगतान में सम्यक अभिरूचि नहीं लेने के कारण कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, छपरा के कार्यालय आदेश संख्या–442–सह–पठित ज्ञापांक–2570, दिनांक–09.12.2025 के द्वारा अगले निविदा में भाग लेने से वंचित किये जाने के विरूद्ध संवेदक के द्वारा डिबार मुक्त करने हेतु अपील दायर किया गया।

संवेदक के द्वारा लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, छपरा अंतर्गत उक्त एकरारनामा के तहत बकाया विद्युत विपत्र का पूर्ण भुगतान किये जाने के पश्चात कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, छपरा एवं अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, छपरा के प्रतिवेदन के आलोक में क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र मुजफ्फरपुर के द्वारा अपने कार्यालय पत्रांक–561, दिनांक–06.06.2026 एवं पत्रांक–683, दिनांक–14.07.2026 के माध्यम से संवेदक को डिबार मुक्त करने की अनुशंसा की गई।

क्षेत्रीय मुख्य अभियंता मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र मुजफ्फरपुर से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में दिनांक–06.08.2026 को अद्योहस्ताक्षरी द्वारा इस मामले की सुनवाई कि गई, जिसमें संवेदक तथा कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल छपरा द्वारा भाग लिया गया। सुनवाई के क्रम में उभय पक्षों के द्वारा उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा गया एवं कार्यपालक अभियंता द्वारा यह जानकारी दी गई कि कतिपय निदेशों के बावजूद उक्त एकरारनामा के तहत बकाया विद्युत विपत्र का भुगतान में सम्यक अभिरूचि नहीं लेने के कारण संवेदक को डिबार किया गया था। तत्पश्चात, कार्यपालक अभियंता द्वारा इस तथ्य से अवगत कराया गया कि वर्णित एकरारनामा अंतर्गत संचालित योजनाओं में विद्युत देयता का भुगतान कर दिया गया है एवं वर्तमान में योजनाओं से नियमित रूप से जलापूर्त्ति की जा रही है। उक्त के संबंध में कार्यपालक अभियंता के द्वारा यह प्रतिवेदित किया गया है कि संवेदक के द्वारा विद्युत विपत्र का अद्यतन भुगतान एवं पम्प चालको का अद्यतन मानदेय का भुगतान कर दिया गया है।

अतः सम्यक समीक्षोपरांत क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, ,मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र मुजफ्फरपुर के पत्रांक–561, दिनांक–06.06.2026, पत्रांक–683, दिनांक–14.07.2026, अधीक्षण अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल मुजफ्फरपुर के पत्रांक–434, दिनांक–26.05.2026, पत्रांक–555 दिनांक–07.07.2026 एवं कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल छपरा के पत्रांक–1813, दिनांक–03.07.2026 से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, छपरा के कार्यालय आदेश संख्या–442–सह–पठित ज्ञापांक–2570, दिनांक–09.12.2025 से संवेदक कामेश्वर राय (सूचीबद्धता संख्या–2041 / 2018) को अगामी निविदाओं में भाग लेने से वंचित किये जाने संबंधी पारित आदेश को तत्काल प्रभाव से विलोपित किया जाता है।

ह0 / –

(राजेश कुमार)

प्रधान सचिव

ज्ञापांक–12 / वि0–170 / 2026 – 1231 पटना, दिनांक– 13.8.26

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, जल संसाधान विभाग, बिहार, पटना / पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना / भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना / लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार, पटना / बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना / बुडको, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

13/8/26

(दया शंकर प्रसाद)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12 / वि0–170 / 2026 – 1231 पटना, दिनांक– 13.8.26

प्रतिलिपि–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय) / कार्य प्रबंधन / सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता / सभी अधीक्षण अभियंता / सभी कार्यपालक अभियंता / आई0 टी0 मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई0 टी0 मैनजेर निदेश है कि इसे विभागीय वेबसाइट पर अपलोड किया जाय।

13/8/26

(दया शंकर प्रसाद)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12 / वि0–170 / 2026 – 1231 पटना, दिनांक– 13.8.26

प्रतिलिपि–कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, छपरा / संवेदक कामेश्वर राय, मो0–दहिवान (उमानाथ मंदिर के निकट), पो0–छपरा, पी0 एस0– छपरा नगर, जिला–सारण, बिहार, पिन–841301 सूचीबद्धता संख्या–2041 / 2018) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/8/26

(दया शंकर प्रसाद)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12 / वि0–170 / 2026 – 1231 पटना, दिनांक– 13.8.26

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

13/8/26

(दया शंकर प्रसाद)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)